कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

डॉ0 केशवमणि शर्मा पता– " राजमंदिर ", 30, सेठी नगर, उज्जैन (मध्य प्रदेश)

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा/ उपखंड अधिकारी लालसोट
अपील संख्या 06/2023

निर्णय

दिनांक 08.02.2023

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2023/213 दिनांक 24.01.2013 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा ने पत्र कमांक:आरटीआई/2023/117 दिनांक 25.01.2023 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना उपखंड अधिकारी लालसोट से संबंधित होने से अपीलांट का आवेदन पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 6(3) के अंतर्गत उपखंड अधिकारी लालसोट को स्थानान्तरित किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी लालसोट ने पत्र कमांक/ आरटीआई/ 2022/1365 दिनांक 25.11.2022 के द्वारा अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति की रिपोर्ट भिजवाते हुए प्रति इस कार्यालय को प्रेषित की गई है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

Signature Not Verified

Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2023.02.15 13:24:42 IST
Reason: SelfAttested

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा
जिला कलक्टर, दौसा

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दौसा